उदय गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट

चर्चा में क्यों

1 मार्च से 7 मार्च 2025 तक **बीकानेर** में चतुर्थ राज्य स्तरीय **उदय गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट** का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्य बिंदु

- **टूर्नामेंट के बारे में:**
  - इस टूर्नामेंट का आयोजन मास्टर उदय क्लब द्वारा पुष्करणा स्टेडियम में दूधिया रोशनी में किया जा रहा है।
  - इस टूर्नामेंट में कुल 11 मैच खेले जाएंगे।
  - इस टूर्नामेंट में अब तक 12 टीमों ने प्रवेश लिया है। जिनमें बीकानेर, जोधपुर, जयपुर की दो-दो एवं श्रीगंगानगर हनुमानगढ़ कोटा, अजमेर, नागौर और करौली की एक-एक टीम शामिल है।

बीकानेर के बारे में

- **स्थापना**:
  - बीकानेर की स्थापना सन् 1488 ई. में, राठौड़ **राजकुमार राव बीकाजी** ने की थी।
- **भौगोलिक स्थिति**:
  - अक्षांश 28.01° उत्तर और रेखांश 73.9° पूर्व पर स्थित।
- **भौगोलिक विशेषता**:
  - रेगिस्तानी ज़िला, उत्तर-पूर्व राजस्थान में स्थित।
  - बीकानेर में कोई नदी नहीं है।
- **दर्शनीय स्थल:**
  - **करणी माता का मंदिर**: चूहों के मंदिर के रूप में प्रसिद्ध।
  - **मुकाम मंदिर**: बिश्नोई सम्प्रदाय का मुख्य धार्मिक स्थल।
  - जूनागढ़ **किला**: राजस्थान के सबसे सुंदर किलों में से एक।
  - **भांडशाह जैन मंदिर**: शहरी परकोटे के भीतर स्थित प्राचीन जैन मंदिर।
  - **लूणकरनसर -** खारे पानी की झील।
  - **गजनेर अभयारण्य -** बटबट(इम्पीरियल सेंडगाउज, रेत का तीतर) पक्षी तथा जंगली सुअर के लिये प्रसिद्ध है।
- **सभ्यताएँ:**
  - सोथी, पूंगल, डाडाथोरा प्राचिन सभ्यताएँ बीकानेर में है।
- **ऊँट अनुसंधान केंद्र:**
  - बीकानेर में हर साल जनवरी में **ऊँट महोत्सव** का आयोजन होता है।
  - दुनियाँ का सबसे बड़ा ऊँट अनुसंधान और प्रजनन केंद्र बीकानेर (1984) में है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/udaya-gold-cup-football-tournament